हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 22 अक्तूबर 2020, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

बुलेट ट्रेन के जरिए 21 मिनट में दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट पहुंचेंगे

बदलता शहर

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली से वाराणसी के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसका फायदा जेवर एयरपोर्ट को भी मिलेगा। इसके जरिये दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट की 62.5 किलोमीटर की दूरी 21 मिनट में तय होगी, जबकि जेवर से आगरा आप 33 मिनट में पहुंच जाएंगे।

दिल्ली से वाराणसी के बीच बुलेट ट्रेन चलाई जानी है। इसकी डीपीआर के लिए काम शुरू हो गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसका फायदा गौतम बुद्ध नगर को भी मिलेगा। इस रूट का यह पहला जिला होगा, जहां पर दो स्टापेज तय किए जा रहे हैं। पहला नोएडा के सेक्टर-148 में और दूसरा स्टेशन जेवर एयरपोर्ट के पास बनाया जाएगा। सबसे अधिक फायदा जेवर एयरपोर्ट को मिलेगा।

दरअसल एयरपोर्ट को दिल्ली से जोड़ने के लिए कई विकल्पों पर काम चल रहा है। बुलेट ट्रेन से सबसे कम समय में यात्री दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट तक पहुंच सकते हैं। बुलेट ट्रेन दिल्ली के सरायकाले खां से शुरू होगी। दिल्ली से नोएडा सेक्टर 148 होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक पहुंचेगी। यह दूरी 21 मिनट में तय होगी। यह बुलेट ट्रेन 300 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से दौड़ेगी। इस बारे में पूछने पर यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि बुलेट ट्रेन चलने से बड़ा फायदा मिलेगा। सबसे अधिक फायदा जेवर एयरपोर्ट को मिलेगा।

इन स्टेशनों पर रुकेगी

प्रारंभिक रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली-वाराणसी रूट पर नोएडा सेक्टर-148, जेवर एयरपोर्ट, मथुरा, आगरा, कन्नौज, इटावा, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज व भदोही में ट्रेन रुकेगी। इस रूट का आखिरी स्टेशन वाराणसी होगा। इस ट्रेन से दिल्ली से जेवर तक 21 मिनट, जेवर से आगरा तक 33 मिनट, दिल्ली से लखनऊ तक 2.5 घंटे और दिल्ली से वाराणसी तक पहुंचने में चार घंटे का समय लगेगा।

चार फेज में पूरी होगी परियोजना

दिल्ली-वाराणसी रूट की प्रारंभिक रिपोर्ट बताती है कि यह परियोजना 4 चरणों में पूरा होगी। पहला चरण दिल्ली से आगरा, दूसरा चरण आगरा से लखनऊ, तीसरा चरण लखनऊ से प्रयागराज और चौथा चरण प्रयागराज से वाराणसी तक का होगा।